आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

जयहिन्द सभा

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के सम्मान में जहां भाजपा देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है वहीं कांग्रेस जय हिन्द सभाओं का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस ने आज शिमला में जय हिन्द सभा का आयोजन किया जिसमें प्रदेश के पूर्व सैनिकों व उनके परिवार को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन, मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू, प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित अन्य नेता मौजूद रहे। वरिष्ठ नेता अजय माकन ने कहा कि सेना के सम्मान में देशभर में 15 स्थानों पर जयहिन्द सभा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल के वीर जवानों ने 1962, 1971 और 1999 में हुई जंग में अपने पराक्रम का परिचय दिया है। इसी तरह ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान भी हिमाचल के वीरों ने अपना लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेना के जवानों और शहीदों को नमन करने के लिए ही जयहिन्द सभा का आयोजन किया गया है।

*जय हिन्द सभा उन वीरों को नमन करती है जिन्होंने पाकिस्तान के दो टुकड़े किये थे और जो सेना ने पराक्रम हमारी तीनों सेनाओ ने दिखाया उसके लिए आज जय हिंद जनसभा का आयोजन किया गया था।*

भाजपा

दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने ऑप्रेशन सिंदूर के सफल आयोजन के बाद प्रदेश भर में 4 सौ से अधिक तिरंगा यात्राओं में जनमानस के भारी उत्साह पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में 2 जून को सोलन के मॉल रोड पर भी एक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा का नेतृत्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा करेंगे। राजीव बिंदल ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा के बाद पार्टी के कोर ग्रुप की बैठक का आयोजन भी किया जाएगा।

नीट परीक्षा

सर्वोच्च न्यायालय ने 15 जून को होने वाली नीट–पी.जी. की परीक्षा एक ही शिफ्ट में आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने ये भी

सुनिश्चित करने को कहा है कि परीक्षा की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। सर्वोच्च न्यायालय नीट–पी.जी. परीक्षा के संचालन में पारदर्शिता की कमी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

सर्वदलीय शिष्टममंडल

आतंकवाद के उन्मूलन के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दुनिया तक पहुंचाने के लिए सात बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेशों में अपनी आधिकारिक यात्राओं के दौरान उच्च स्तरीय चर्चाओं में लगे हैं। जे.डी.यू. सांसद संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस समय इंडोनेशिया की यात्रा पर है। इस प्रतिनिधिमंडल ने जकार्ता में इंडोनेशिया के थिंक टैंक और शिक्षाविदों के विद्वानों और शोधकर्ताओं के साथ कई बैठकें कीं। प्रतिनिधिमंडल ने जकार्ता में नहदलातुल उलमा कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष के.एच. उलिल अबशार अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने अब तक जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर की अपनी यात्रा पूरी कर ली है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि इंडोनेशिया ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख का समर्थन किया है।

कृषि

किन्नौर ज़िले की कल्पा पंचायत से आज विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य देशभर में कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर और टिकाऊ बनाना है। ये राष्ट्रव्यापी अभियान 12 जून तक चलेगा जिसमें 20 राज्यों के करीब डेढ़ करोड़ किसानों को शामिल किया जाएगा। किन्नौर ज़िले में ये अभियान 15 स्थानों पर चलाया जाएगा। कल्पा में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें इन योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। उधर, स्पीति घाटी के कोमिक गांव से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया गया है। ये अभियान कृषि विज्ञान केन्द्र ताबो द्वारा चलाया गया है।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज सुबह के समय व्यापक वर्षा हुई। हालांकि दोपहर बाद मौसम साफ होने से अधिकतर स्थानों पर धूप खिली है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने आकाशवाणी को बताया कि आगामी चार जून तक प्रदेश भर में मौसम के इसी तरह बने रहने और 31 मई और पहली जून को भारी बारिश के साथ आंधी और ओलावृष्टि का अनुमान है।

*हमारे पास एक वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स और साथ में इर्स्टन की हवाएं चल रही हैं और इनके चलते मोईश्चर काफी हिमाचल प्रदेश तक पहुंच रहा है। इसके चलते ये एक्टीविटी हमारे पास हुई और ये एक्टीविटी अभी कुछ दिन चलने के चांसिज़ हैं और कल और परसो में थोड़ा एक दो जगह पर हिमाचल प्रदेश में हैवी बारिश होने के भी चांसिस हैं जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।*

मौसम विभाग ने चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिला के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम में आए इस बदलाव से प्रदेश में लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिली है।

----------------------------------